BBM / BCA - IInd year

XEV (S-2) – Hn (Comp)

Hindi (Comp.)

100 Marks

2016

Time : 3 hours

Full Marks : 100

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

उपांत के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।

निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए : 15 × 3 = 45

(क) 'कुरुक्षेत्र' के युधिष्ठिर का चरित्र चित्रण कीजिए।

(ख) 'कुरुक्षेत्र' की मूल समस्या पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

(ग) 'यशोधरा' के आधार पर 'राहुल' के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए।

(घ) महाभिनिष्क्रमण की प्रेरक भावनाओं का विस्तार पूर्वक वर्णन कीजिए।

(ङ) 'पर्यावरण और सनातन दृष्टि' अथवा 'मूल्यों का उलटफेर' निबंध में अभिव्यक्त लेखक के विचारों का विवेचन करें।

(च) 'आजादी के बाद भारतीय विज्ञान' अथवा 'हमारा सांस्कृतिक पतन' शीर्षक निबंध में व्यक्त लेखकीय विचारों पर प्रकाश डालें।

2. निम्नलिखित अबतरणों में से किन्हीं **तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 10 × 3 = 30

(क) ईश जाने देश का लज्जा विषय
तत्त्व है कोई कि केवल आवरण
उस हलाहल सी कुटिल द्रोहाग्नि का
जो कि जलती आ रही चिरकाल से।

(ख) कर्म-भूमि है निखिल महीतल,
जब तक नर की काया
तब तक है जीवन के अणु-अणु
में कर्त्तव्य समाया।

(ग) मरने को जग जीता है,
रिसता है जो रन्ध्र पूर्ण घट,
भरा हुआ भी रीता है।
यह भी पता नहीं कब किसका,
समय कहाँ आ बीता है?

(घ) स्वयं सुसज्जित कर के क्षण में
प्रियतम को प्राणों के प्रण में
हमी भेज देती हैं, रण में—
क्षात्र धर्म के नाते।

(ङ) सेता में तो सोलहो श्रृंगार करने पड़ते हैं, अपनी सारी कला उसमें खर्च कर देनी पड़ती है। पहले यह फिर अपनी सेवा। मतलब यह कि शुद्ध यज्ञ करने वालों के लिए अपना कुछ नहीं है।

(च) आर्य धर्म और संस्कृति का मूल कर्म सिद्धान्त था प्रत्येक प्राणी अपने सुख-दुख के लिए आप दायी है। आयु और भोग, अपने कर्मों के संस्कारों का फल है।

3. निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों में से किन्ही **तीन** के संक्षिप्त उत्तर दें: $5 \times 3 = 15$

(क) कुरुक्षेत्र की संवादयोजना

(ख) यशोधरा का मानिनी रूप।

(ग) यशोधरा में गुप्तजी की वैष्णव भावना

(घ) कुरुक्षेत्र के भीष्म

(ङ) पर्यावरण और भारतीय समाज

(च) निबंधकार विद्यानिवास मिश्र

4. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दें: $1 \times 10 = 10$

(i) 'साकेत' का रचयिता कौन है?

(ii) 'रस में भंग' का लेखक कौन है?

(iii) किन कवियों को 'राष्ट्रकवि' से विभूषित किया गया है?

(iv) 'सम्पूर्ण देशों से अधिक किस देश का उत्कर्ष हैं' किसकी पंक्ति है?

(v) 'धूप और धुआँ' किसकी पुस्तक है?

(vi) 'यशोधरा' की काव्य विधा बताएँ?

(vii) 'मणिकुट्टिम' शब्द का क्या अर्थ है?

(viii) 'हमारा सांस्कृतिक पतन' किसका निबंध है?

(ix) 'सप्त सागर महादान' किसका निबंध है?

(x) पाठ्य पुस्तक में काका साहब कालेरकर का कौन सा निबंध पढ़ना है।

——— × ———